तापमान

अधिकतम 000 डिग्री

न्यूनतम 000 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 गोरेगांव के तालाब में मिले नरकंकाल की अब तक...



12 स्टेशनपारावासी छत मांगने निगम कार्यालय पहुंचे




## खबर संक्षेप

### ग्राम डाभा में जातरा महोत्सव 12 को



**मगरलोड।** ग्राम डाभा में 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जयंती पर जातरा का आयोजन रखा गया है। सुबह वीरकचना धुरवा मंदिर में भगवान सत्यनारायण की कथा होगी। रात्रि में जय मां शेरावाली छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी लोक कलाकार मोर गांव के भुइयां ग्राम मावलीभाटा जिला नुआपाडा (उड़ीसा) का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष डॉक्टर शिवनारायण साहू, सचिव केवल राम निषाद ने दी है।

### धूमा में मानसगान स्पर्धा 11 से

**सिर्री।** ग्राम पंचायत धूमा में श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान एवं संगीतकला प्रतियोगिता 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित की गई है।



शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर विधायक कुरूद उपस्थित होंगे। अध्यक्षता विद्या रामजी साहू सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि होंगे। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र से मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम की तैयारी में केवल साहू, चमन साहू ,ओंकार साहू, मोहनलाल, दिलीप, भुवनेश्वर साहू, चुमन साहू, नरेशर, डीलेश्वर साहू, रामजी साहू, राजकुमार साहू, रामेश्वर साहू, घनाराम, जगतराम, सेवाराम जुटे हुए हैं। यह जानकारी शिक्षक ओंकार ने दी है।

### दिव्यांशु का नवोदय में चयन

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला डोहलापारा के छात्र दिव्यांशु दास मानिकपुरी पिता लोचन दास मानिकपुरी का जवाहर नवोदय



विद्यालय कुरूद में चयन हुआ है। शुरू से ही दिव्यांशु होनहार छात्र रहा है। उसकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक नूतन लाल डोटे एवं सहायक अजय देवांगन, एसएमसी अध्यक्ष भुनेश नेताम, रामचरण नागवंशी, भुवनदास मानिकपुरी, सरपंच रजनी नेताम, मुकेश मरकाम, रमेश मरकाम, खेमलाल, कनकराम, गोकुल मरकाम, हुकेशचंद, खेमेश्वरी मानिकपुरी, विष्णुप्रसाद तिवारी, प्रेमलाल सोनवानी, यशवंत मंडावी ने हर्ष जताया है।

### नगर निगम के मोटरपंपों को टार्गेट बना कर रहे चोरी, एक ही दिन में पांच घटनाएं

# गांव छोड़कर शहर में सक्रिय हुए केबल चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पहले से ही शहर में गर्मी के साथ पानी की समस्या शुरू हो गई है। अब यहां केबल चोर सक्रिय होने से समस्या और गंभीर हो गई है। सोमवार- मंगलवार की रात में इन केबल चोरों ने शहर में पांच स्थानों पर मोटरपंप से केबल वायर पार कर दिया। नगर निगम को इन वार्डों में व्यवस्था दुरूस्त करने में पूरा दिन लग गया। खर्च भी 15 हजार से अधिक आया।

केबल चोर अब गांव से शहर की ओर रूख कर गए हैं। उनका टार्गेट नगर निगम के मोटरपंप हैं। लगातार वे निगम के मोटरपंपों से केबल वायर की चोरी कर रहे हैं। सोमवार मंगलवार की रात केबल चोरों ने शहर के पांच स्थानों पर धावा बोला। वे नवागांव, मराठा पारा और सुंदरगंज में पानी सप्लाई के लिए लगे मोटरपंपों से केबल वायर निकालकर फरार हो गए। मराठापारा में दो स्थानों पर लगे मोटरपंप से केबल वायर चोरी हुई है। इससे पहले भी सुंदरगंज में दो बार और अर्जुनी गोठान, जैविक खाद सयंत्र सोरिद, जैविक खाद सयंत्र दानीटोला में एक- एक बार केबल वायर की चोरी हो चुकी है। हर मोटरपंप में चोरी के बाद नगर निगम को दो से तीन हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं। अब तक निगम अधिकारी इस प्रकार की चोरी को हल्के में ले रहे थे। एक ही दिन में पांच स्थानों पर चोरी होने से उनका यह भ्रम टूट गया है। अब वे चोरी की शिकायत पुलिस थाने में लिखाने की तैयारी कर रहे हैं।




#### रात में होते हैं सक्रिय

हालांकि खेतों में पकड़े जाने का रिस्क कम रहता है लेकिन खेतों में लगे मोटरपंप से चोरी करने में मेहनत ज्यादा लगती है। उन्होंने लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर शहर के ही रहने वाले हैं, जो रात में सक्रिय होते हैं। शहर में घूम-घूमकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन चोरों में जानकार आदमी भी हैं, जो बिजली का काम करते हैं। मोटरपंप व अन्य उपकरणों से केबल वायर को ऐसा काटा गया है कि उसे फिर से जोड़ना मुश्किल है।

#### पहले ही है पानी की समस्या

शहर में पहले ही गर्मी बढ़ने के साथ पानी की समस्या शुरू हो गई है। गोकुलपुर, मकेश्वर वार्ड, बठेना सहित कई वार्ड में तो वाटर लेवल 20 फीट से ज्यादा नीचे चला गया है। वहीं बनियापारा, मोटरस्टैंड वार्ड सहित कई वार्डों में पानी का फ्लो कम हो गया है। निगम द्वारा कई स्थानों पर मोटरपंप में पाइप डालकर नीचे किया गया है। उपर से अब केबल चोर परेशान कर रहे हैं। केबल चोरी के बाद मोटरपंप को फिर से चालू करने तक पानी सप्लाई प्रभावित हो जाती है।

# निगम का टैक्स जमा करने अप्रैल तक समय, इसके बाद 6 प्रतिशत अधिभार लगेगा

### 10 करोड़ के लक्ष्य में से 8 करोड़ 36 लाख की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निगम प्रशासन ने 82 प्रतिशत वसूली कर ली है। 10 करोड़ के लक्ष्य में 8 करोड़ 36 लाख की वसूली हुई है। बचे हुए शेष 18 प्रतिशत की वसूली अप्रैल माह के अंत तक कर ली जाएगी।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम प्रशासन ने काफी मेहनत की है जिसके कारण मार्च में 82 प्रतिशत तक वसूली हो पाई। अब बचे हुए 18 प्रतिशत टैक्स की वसूली अप्रैल में पूरी हो जाएगी। इसके लिए निगम टीम को वार्डों का भ्रमण करके टैक्स वसूलने कहा गया। टैक्स नहीं पटाने वालों को निगम की सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। अप्रैल तक टैक्स चुकाने में कोई अधिभार नहीं लगेगा। अप्रैल के बाद मई में शेष टैक्स के लिए 6 प्रतिशत अधिभार लिया जाएगा। यह रियायत शासन के आदेश पर दी जा रही है। एक माह के अतिरिक्त समय से हितग्राहियों को राहत मिलेगी। इसके बाद मई माह में 6 प्रतिशत अधिभार के साथ नये वित्तीय वर्ष की टैक्स वसूली प्रारंभ हो जाएगी। बकायादारों को अंतिम चेतावनी देने के बाद दुकान सील, नल कनेक्शन विच्छेद, दुकान कुर्की जैसी कार्रवाई की जाएगी। निगम की सख्ती के बाद मार्च माह में बकायादारों से 7 लाख प्रतिदिन एवरेज के हिसाब से राजस्व की प्राप्ति हुई है। वसूली नकदी, चेक, ऑनलाइन आदि के माध्यम से प्राप्त हो रही है।

# ईंट और सरिया के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि

**धमतरी।** होली पर्व के बाद भवन निर्माण सामाग्री के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है जिससे आशियाना बनाने में जुटे लोगों का बजट बिगड़ गया है। इधर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पैसे का आबंटन नहीं होने से निर्माण कार्य अटकने लगा है।

- आशियाना बनाने में जुटे लोगों का बजट बिगड़ा

प्लाईऐश की ईंट सस्ती होने के बाद भी आवास बनाने वाले लोगों में मिट्टी की लाल ईंट पहली पसंद है। होली के पहले 4500 से 5000 रुपए मिलने वाली लाल ईंट के दाम 10 प्रतिशत बढ़ गए हैं। अपना आशियाना बना चुके श्रवण सिदार शीतलापारा ने बताया कि उनका प्रधानमंत्री



आवास कम्पलीट हो गया है। सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भी उसे चार माह से आवास की अंतिम किस्त नहीं मिल पाई है। हटकेशर हाउसिंग बोर्ड में मकान निर्माण करा रहे श्री भारद्वाज ने बताया कि होली के बाद सरिया के दाम में 4 से 5 सौ रूपये प्रति क्विंटल वृद्धि हो गई है। वहीं लाल ईंट के दाम प्रति हजार 5500 रूपये हो गए हैं जिससे आशियाना बनाने का बजट बिगड़ गया है।

सरिया सीमेंट के व्यवसायी अमृत साहू ने बताया कि नगरीय चुनाव के समय सरिया का दाम 53-54 सौ रूपये क्विंटल था। आज की स्थिति में इसकी कीमत 57 से 58 सौ रूपये हो गई है। उन्होंने बताया कि सीमेंट के दाम 280 से 300 रुपये पर स्थिर है लेकिन इसके दाम आगामी दिनों में 10 से 20 रूपये बढ़ने की जानकारी मिल रही है। ईंट बनाने वाले धनी चक्रधारी बताते हैं कि आमतौर पर मिट्टी की ईंट को राइस मिल से निकलने वाले धान की भूसे से पकाया जाता है। भूसे का टन 4 से 5 हजार रूपए होने से ईंट की लागत बढ़ गई है जिससे इसके दाम में वृद्धि हो गई है।

### पुलिस विभाग में हुआ फेरबदल

**धमतरी।** प्रशासनिक कसावट लाने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने थाना व चौकी प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। पुलिस कार्यालय से सोमवार को जारी सूची के अनुसार कुरूद थाना संभाल रहे निरीक्षक चंद्रकांत साहू को अर्जुनी थाना प्रभारी, केरेगांव प्रभारी राजेश जगत को कुरूद प्रभारी, टुमनलाल डड़सेना को दुगली से केरेगांव, एसआई अजय सिंह को करेलीबड़ी चौकी से बिरेझर चौकी, एएसआई प्रदीप सिंह को बिरेझर से साइबर सेल का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एएसआई तुलसीराम मिथिलेस को करेलीबड़ी चौकी प्रभारी व प्रकाश नाग को दुगली थाना का प्रभार सौंपा गया है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


### होटल के कमरे में मिली लाश के मामले का हुआ खुलासा

# बीमारी के कारण युवक ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होटल के एक बंद कमरे में एक युवक की लाश मिलने की घटना का मौके से बरामद सुसाइड नोट से आत्महत्या का खुलासा हुआ है। बीमारी के कारण सुसाइड करना लिखा मिला है।

उल्लेखनीय है कि न्यू बस स्टैंड स्थित होटल आशियाना में सोमवार की सुबह असहनीय दुर्गंध फैल गई। कारण जानने होटल के सभी कमरों को चेक किया गया। फर्स्ट फलोर के रूम नंबर 208 से दुर्गन्ध आ रही थी। कमरे की खिड़की से देखने पर भीतर एक युवक की लाश फंदे पर लटकी दिखी। होटल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस होटल पहुंचकर जांच में जुट गई। जांच में रजिस्टर में 1 अप्रेल को रूम नंबर 208 में रूकने वाले किशोर कुमार वैष्णव उम्र 27 वर्ष बिलासपुर थाना सीपत ग्राम खैर डंगनिया निवासी की एंट्री दर्ज थी। आईडी प्रूफ में भी युवक के नाम की जानकारी हुई। पुलिस ने कमरे को सील कर उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन सोमवार की देर शाम



धमतरी पहुंचे। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में होटल के रूम नंबर 208 का दरवाजा खुलवाया। पूरा कमरा असहनीय दुर्गन्ध से भरा हुआ था। कमरे के बेड में एक प्लास्टिक का स्टूल रखा था। उसके ऊपर सिलिंग फेन में गमछे के फंदे पर शव लटक रहा था। शव में सड़न शुरु होने के कारण दुर्गन्ध फैली हुई थी। युवक अंडरवियर व बनियान पहना हुआ था। उसका बैग जमीन पर रखा हुआ था। शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

#### मिला सुसाइड नोट

तलाशी के दौरान पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया जिसमें युवक ने लिखा हुआ था कि मैं कैंसर का मरीज हूं, जिसका उपचार नहीं हो सकता। इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं। इसके लिए परिवार वालों व किसी अन्य को परेशान न किया जाए। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है।

#### बीमारी का हवाला दिया था

कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने मीडिया को बताया कि मृतक किशोर कुमार वैष्णव बिलासपुर जिले के सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खैर डंगनिया निवासी है जो 1 अप्रैल की शाम होटल आया था। कमरे से सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें कैंसर से पीड़ित होने का हवाला दिया गया है। वह किसी कंपनी में सेल्समेन का काम करता था।

### वन विभाग ने फंदा, जाल, वन्यजीवों का मांस व खाल बरामद किया

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शिकार, पकड़ाए दो तस्कर







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में फिर वन विभाग ने वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करने वालों को पकड़ा। आरोपियों से शिकार में उपयोग किए जाने वाले फंदा, जाल व अन्य सामग्रियों सहित वन्यजीवों के मांस व खाल भी बरामद की गई है।

सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन वन परिक्षेत्र तौरेंगा वनक्षेत्र परिसर गाजीमुड़ा कक्ष क्रमांक 1192 में किये गये अवैध शिकार के मामले में एक्शन लेते हुए एंटी पोचिंग टीम ने तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम ने पहले सर्च वारंट लेकर शिकार में लिप्त दो आरोपी रोशनलाल उम्र 50 साल पिता सोनाराम मंडावी और अर्जुन सिंह उम्र 49 साल पिता मेहत्तर मरकाम के निवास ग्राम गरीबा तहसील मैनपुर थाना शोभा जिला गरियाबंद में तलाशी ली। आरोपियों के घर से कोटरी का मांस, पेंगोलिन शल्क, फंदे, कोटरी को काटने में उपयोग की गई कुल्हाड़ी जब्त की गयी। आरोपी रोशन लाल को क्राइम सीन पर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट किया गया। इस अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,27(1), 29, 31, 39, 49, 50, 51, 52 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में केजूराम कोरचे, गौरीशंकर भोई, राकेश सिंह परिहार, श्रीमती रिंकी जोशी, तुकेश्वर यदु, उदेराम यादव एवं अन्य वन कर्मचारियों का योगदान रहा।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रॉ में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### झेरिया सेन समाज की बैठक 10 को

**धमतरी।** जोगी मठ कलंकपुर गुण्डरदेही में प्रांतीय झेरिया सेन समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 10 अप्रैल गुरुवार को सुबह 11 बजे रखे गई है।



बैठक में बालोद जिला का गठन, प्रांतीय झेरिया सेन जयंती, सदस्यता अभियान, राधाकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी। यह जानकारी झेरिया सेन सचिव प्रद्युमन श्रीवास ने दी है।

### रामचरित मानस में बताई भगवान राम की महिमा

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी खुटार में रामचरित मानस सम्मेलन का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस थे। अध्यक्षता अकबर कश्यप ने की। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय शाहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा, विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू थे।

### महिला आईटीआई में लगेगा रजिस्ट्रेशन कैम्प 9 व 11 को

**कांकेर।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 1 करोड़ युवाओं को पांच सौ शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिये एक व्यापक योजना पीएम इंटर्नशिप योजना 2.0 शुरू की गई है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन के लिए महिला आईटीआई में 9 एवं 11 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त दिवस को 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं।

## निधन

### भीखम साहू

**जीजामगांव।** ग्राम दरबा निवासी भीखम साहू का स्वर्गवास 8 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे हो गया।



उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे गृह ग्राम दरबा में किया गया। वे निर्मल साहू, धर्मेंद्र, सनत, सोम, नेमी, ललित के पिता एवं मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ के ससुर व वीरेंद्र, लक्ष्मीकांत व डॉ क्षितिज के नाना थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की ली बैठक, जर्जर छात्रावास-आश्रमों की मरम्मत के दिए निर्देश

# आश्रम-छात्रावासों के संचालन में लापरवाही बरतने वाले अधीक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों के भवन, उपलब्ध सामग्री, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर की जानकारी लेते हुए जर्जर हुए छात्रावास-आश्रमों की जल्द से जल्द मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस काम में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी कलेक्टर ने दी। कलेक्टर ने अधीक्षकों से कहा कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार ही भोजन दिया जाये।इसमें लापरवाही न बरतें। उन्होंने गद्दे-तकिया, चादर की साफ-सफाई भी बनाए रखने कहा। कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावासों में उपलब्ध सामग्रियों का सही उपयोग करने की नसीहत अधीक्षकों को दी। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी कन्या आश्रम-छात्रावासों में पुरूष का प्रवेश न रहे, चाहे वे आपके रिश्तेदार ही क्यों न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें, इसकी शिकायत मिलने पर संबंधित अधीक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की शिकायत होने पर उच्च अधिकारी को जानकारी देने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से हॉस्टलों का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने छात्रावास-आश्रमों में अतिरिक्त कक्ष और जर्जर भवनों की जानकारी ली। उन्होंने शौचालयों की आवश्यक मरम्मत कराने, मच्छरदानी, बेड की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता में कमी नहीं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बिना अनुमति हॉस्टल छोड़कर न जाने कहा। बैठक में कन्या आश्रम भोथापारा, आदर्श बालिका आश्रम सलोनी सहित अन्य छात्रावासों में किये जा रहे अच्छे कार्यों की भी सराहना की।

## जपं मगरलोड में स्थायी समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड


वीरेन्द्र साहू


राजेश कुमार साहू


खिलेश कुमार साहू


नंदनी साहू


कृष्णा कुमार ध्रुव


सरिता कश्यप


बबीता ध्रुव


तिलोत्तमा साहू

जनपद पंचायत मगरलोड के सभाकक्ष में स्थायी समितियों का गठन हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू की अध्यक्षता में यह बैठक हुई।

बैठक में सामान्य प्रशासन, स्वच्छता समिति, वन स्थायी समिति, स्वाथ्य महिला एवं बाल कल्याण स्थायी समिति, सहकारिता और उद्योग समिति, संचार तथा सकर्म स्थायी समिति, शिक्षा स्थायी समिति एवं कृषि स्थायी समिति का गठन हुआ है। कृषि स्थायी समिति के सभापति राजेश कुमार साहू हसदा, शिक्षा स्थायी के सभापति खिलेश कुमार साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, संचार संकर्म स्थायी समिति की सभापति नंदनी साहू, सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति के सभापति कृष्णा कुमार ध्रुव, स्वास्थ्य महिला एवं बाल कल्याण स्थायी समिति की सभापति सरिता कश्यप, स्वच्छता स्थायी समिति की सभापति बबीता ध्रुव दुधवारा, सामान्य प्रशासन के अध्यक्ष विरेन्द्र साहू व सदस्य खिलेश साहू, राजेश साहू, नंदनी साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव, सरिता कश्यप, तिलोत्तमा साहू एवं बबीता ध्रुव चुनी गई।

इस अवसर पर सीईओ दिव्या ठाकुर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, करारोपण अधिकारी वेदराम सिन्हा, गुलाब चंद्राकर मौजूद थे।

## जैन समाज ने निकाली प्रभातफेरी



- महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सकल जैन श्री संघ के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। मंगलवार को प्रभातफेरी निकाली गई। सुबह 5.30 बजे समता भवन (महावीर चौक) से नगर भ्रमण करते हुए वापस समता भवन पहुंची। उसके बाद भगवान महावीर की स्तुति प्रार्थना के बाद सभा का समापन हुआ। बुधवार को प्रभातफेरी प्रातः 5.30 बजे जैन मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए वापस ओसवाल भवन भगवान महावीर की स्तुति एवं प्रार्थना के पश्चात सभा का समापन होगा। नवकार महामंत्र का आयोजन जैन श्री संघ द्वारा ओसवाल भवन में 8:01 से 9:36 तक रहेगा। ओसवाल भवन में नेत्र जांच शिविर 9 अप्रैल को बुधवार 10 बजे से शुरू होगा। भारतीय जैन संघटना, बीजेएस एवं श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन होगा। मरीजों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया जायेगा। मोतियाबिंद से ग्रसित आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा। तैयारी में अनिल जैन, अधिक जैन, विकास सोनी जुटे हैं।

## आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय में होगा : छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सुशासन को मजबूती देने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। नगरी नगर पंचायत के 15 वार्डों में 8 से 11 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित होगा। वार्डों में समाधान पेटी के माध्यम से नागरिकों से शिकायत, सुझाव और मांगें प्राप्त की जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। समाधान पेटी और ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा साथ ही इन आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने का प्रयास किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक की जनता की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी लोगों को मिल सके एवं तत्परता से निराकरण करने हेतु शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## सेमरा में भगवान राम का जन्मोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





ग्राम पंचायत सेमरा में ती दिवसीय मानस सम्मेलन आयोजित किया गया। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र, राजा दशरथ, माता कौशल्या एवं उनकी दासी की सुंदर झांकी निकाली गई थी। भक्तों ने श्रीराम के जयकारे लगाए। मानस सम्मेलन में कंचना रायपुर की मंडली ने सोहर गीत के मध्यम से श्रोतागणों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष संजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष बालमुकुंद डोटे, मुकेश साहू, महिला अध्यक्ष गोमती देवांगन, उपाध्यक्ष झामिन साहू, सचिव नरेश देवांगन, सहसचिव कमल सेन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत देवांगन, सरपंच श्रीमती कविता ध्रुव,उपसरपंच संदीप देवांगन, संरक्षक धरमराज देवांगन, रामुलाल साहू, कुशल राम साहू, मंच संचालन नूतन डोटे, डा. सीएल साहू, नेहरूराम साहू, पवन कुमार साहू, इंदलप्रसाद साहू, कंवर लाल देवांगन, बलीराम साहू, खेमराज देवांगन, टुकेश्वर साहू, गोपाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

रामलीला मैदान, बाजार हाट के साथ चौक-चौराहों पर लगेगी हाईमास्ट लाइट

# लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने हमारी टीम समन्वय बनाकर काम कर रही : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





रामनवमी पर अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के साथ अटल चौक को हमर नगर हमर जिम्मेदारी भखारा भठेली से लाइटिंग कर सौंदर्यीकरण किया गया है। आगे भी भखारा भठेली में मूलभूत सुविधाओं के लिए पूरी टीम के साथ समन्वय बनाकर सबकी सहमति से जिम्मेदारी से कार्य करेंगे। नगर अध्यक्ष ज्योति जैन ने चर्चा करते हुए कहा कि भखारा-भठेली को ही सजाने संवारने का कार्य आरंभ हो गया है। नगर में विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए भठेली में दुर्गा मंच के पीछे साहू भवन के पास एल आकार का शेड बनाने के लिए जगह का चयन हो चुका है 15 बाई 35 मीटर का सार्वजनिक डोम बनाने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। नगर पंचायत में आय बढाने और भवन बनाने सड़क किनारे की शासकीय जमीन को शासन से नगर पंचायत में हस्तांतरण करने प्रक्रिया जारी है। बरसों से घासभूमि में निवास कर रहे लोगों को भू-अधिकार का पट्टा मिले। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए घास भूमि को नजूल कराने के लिए कलेक्टर के पास आवेदन दिया जा चुका है। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने कुरूद विधायक प्राथमिकता के साथ संज्ञान में रखे हैं। हाईमास्ट लाइट रामलीला मैदान, बाजार हाट में लगेगी। साथ ही नगर के चौक चौराहों पर भी लाइट लगाने प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पूरे आउटर क्षेत्र में लाइटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है । छह दुकान बनकर तैयार है जिसमें चार दुकानों के टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

उन्होंने आगे कहा कि जिन वार्डों में पानी की किल्लत है, वहां टैंकर से सप्लाई की जा रही है। कोलियारी रोड और वार्ड में पानी टंकी तेज गति से निर्माणाधीन है। जहां से अगले वर्ष से नगरवासियों को शुद्ध पानी मिलने लगेगा। टेप नल और सप्लाई लाइन को दुरूस्त करने कर्मचारियों को जवाबदेही दी गई है। नगर में बंद पड़े हैण्डपम्प को सुधारा जा रहा है। नगर के 15 वार्डों में विद्युत सप्लाई के सुचारू संचालन के लिए सर्वे किया जा चुका है। साफ सफाई को भी दुरस्त करने अन्य आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जहां-जहां पोल की जरूरत है वहां लगाया जायेगा। कार्यालय में पांच स्थायी कर्मचारियों की कमी है। कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए पत्र शासन को भेज दिया गया है।

## अंचल की खबरें

### सुशासन तिहार में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष



**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा में सुशासन तिहार मनाया गया। ग्रामवासियों ने अपनी समस्याएं बताई। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, एनके वर्मा उपसंचालक, सरपंच नागेन्द्र बोरझा, उपसरपंच हरीश साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहु, पूर्व सरपंच सत्ती मरकाम, राजू पटेल, बलदाऊ यादव, भीखम साहू, रमेश साहू, रोजगार सहायिका रूपेश्वरी पटेल, कम्प्यूटर आपरेटर ईश्वर मत्स्यपाल, पंचायत कर्मचारी रूपेश पटेल, मिलेंद्र पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रौपदी साहू, दुर्गा साहू, रवि यादव फारेस्ट कर्मचारी, अमेश ध्रुव, साधुराम साहू, सहनूराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मंगल पांडे को किया याद



**कुरुद।** नगर पंचायत कुरूद में भाजपाइयों ने अमर शहीद मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर उसकी आदमकद प्रतिमां मे माल्यार्पण कर उन्हें याद किया एवं अमर शहीद के नारे लगाये। इस अवसर पर नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, महेश सिन्हा, रामेश्वर ध्रुव, किशोर यादव, कमल शर्मा, चुनमुन चन्द्राकर, सुरेखा चन्द्राकर, खिलेन्द्र देवांगन, धनेश बैस, नरेन्द्र सोनी, भूपेन्द्र छोटू, खेमराज सिन्हा, पंकज केला उपस्थित थे।

### ज्ञान ज्योति स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक ज्ञान ज्योति विद्यालय बरबंधा में शाला प्रबंधन व पालक समिति एवं जनसमुदाय द्वारा नवोदय एवं एकलव्य प्रतियोगी परीक्षा में चयन करने वाले शिक्षक कृष्ण कुमार कोटेंद्र , हरीश कुमार निर्मलकर सहित सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में शिक्षक गोविंद राम निषाद को विदाई दी गई। मौके पर सरपंच रुक्मणि मरकाम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश कुमार कोर्राम, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, शिक्षाविद भंवरसिंह कोर्राम, पूर्व सरपंच डामन सिंह कोर्राम, प्रधानपाठक खिलावनराम चतुर्वेदी, शिक्षक रूपसिंह नेताम, सफाई कर्मचारी रोशनलाल सोरी समेत अन्य उपस्थित थे।

### कुंजलाल विशेष सलाहकार, माखन प्रवक्ता बने



**नगरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज मारागांव क्षेत्र के विशेष सलाहकार के रूप में कुंजलाल पटेल को मनोनीत किया गया। प्रवक्ता माखन पटेल को बनाया गया। मारागांव पटेल समाज प्रमुखों ने रामनवमी पर इनका सम्मान किया। मौके पर मोतीलाल पटेल , बृजलाल पटेल , चंद्रकुमार पटेल, नारद पटेल, भानुप्रताप पटेल, जयपाल पटेल, मोंटी पटेल, हेमलाल पटेल, रामकुमार पटेल समेत मारागांव पटेल समाज के प्रमुख उपस्थित थे। दोनों की नियुक्ति पर कोसरिया मरार पटेल समाज संरक्षक अमरसिंह पटेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज मीडिया प्रभारी राजू पटेल, पटेल समाज सिहावा राज राजा लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज सियाशरण पटेल, संगठन मंत्री बेदन पटेल, अंकेक्षक नरेश पटेल, हरिनाथ पटेल, रमेश पटेल, दिलीप पटेल, डिलेश्वर पटेल ने हर्ष जताया है।

### राजपुर में रामनवमी पर्व पर रामचरित सम्मेलन



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में रामनवमी पर्व पर श्रीराम मंदिर प्रांगण में हवन, यज्ञ, पूजन हुआ। ग्रामवासियों द्वारा एक दिवसीय श्री रामचरित मानस गुणगान महोत्सव कराया गया। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि सरपंच जाम बाई सिन्हा ने किया। अध्यक्षता जनक सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, उपसरपंच मुकेश सिन्हा एवं पंचगण थे। मानसगान में जय मार्या मानस मंडली राजपुर, बस्तरिया मानस मंडली कोंडागांव, भूमिजा मानस मंडली रायपुर, राम सीता मानस मंडली कोटगांव कुरूद एवं मां की ममता मानस मंडली कांकेर ने श्री रामचरितमानस की महिमा का बखान किया गया। मानस मंडलियों ने जनमानस को भगवान श्री राम के चरित्र को जीवन में उतारने का संदेश दिया। इस अवसर पर कन्हैया निषाद, विजय यदु, फूलजी सिन्हा, बिरझु कंवर, रामेश्वर साहू, गोपाल निषाद, पूनत निषाद ,मनराखन निषाद, यशवंत साहू, परशु साहू, सोमनाथ यादव, भोला साहू, राजेन्द्र पटेल, हिरामन सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, तामेश्वर साहू, गुरु दयाल, जितेन्द्र कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच का संचालन बालाराम सिन्हा ने किया।

## अंचल की खबरें

### गंगरेल मंडल में मना भाजपा का स्थापना दिवस



**धमतरी।** गंगरेल मंडल में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन ने किया। इस अवसर पर श्रीमती देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी न केवल एक राजनीतिक दल है, बल्कि यह एक विचारधारा है जो राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और जनकल्याण को समर्पित है। स्थापना दिवस हमें हमारे संगठन के मूल सिद्धांतों और उद्देश्यों की याद दिलाता है। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा से ही संभव है। साथ ही उन्होंने आगामी चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने का आह्वान भी किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न बूथों पर संगोष्ठी, झंडारोहण एवं संगठनात्मक चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए।

### जोरातराई के भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**कुरुद।** भाजपा के स्थापना दिवस पर बूथ क्रमांक 87 जोरातराई के भाजपाइयों ने झंडारोहण कर पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। रविवार को पंचायत भवन के समीप अटल चौक के पास एकत्र हुए भाजपाइयों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल, डॉ श्यामाप्रसाद व अटल जी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाये। इस दौरान जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। 6 अप्रैल 1980 को हुई पार्टी की स्थापना के बाद से भाजपा ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। भाजपा नेता चोवाराम गंजीर ने कहा कि भाजपा वह पार्टी है, जिसके लिए राष्ट्र सदा सर्वोपरि रहा है। इस अवसर पर श्रीमती सविता गंजीर पूर्व सरपंच, उपसरपंच गयाराम साहू, पंच सरोज साहू, बसंती साहू, हेमंत साहू, दानीराम सेनपाल, तेजराम साहू, योगेश्वर साहू, रतिराम साहू, कन्हैया लाल, ईश्वर साहू, दिनेश कुमार साहू, फूलबासन साहू, बिसाहिन साहू, तामेश्वरी साहू, हेमलता साहू, इन्द्राणी साहू, गंगा बाई, महेन्द्र कुमार, चित्रसेन साहू, अमित कुमार, नोहर साहू, चेतन लाल, दयानंद साहू उपस्थित रहे।

### भाजपा सिर्फ एक दल नहीं, एक संस्कार भी है : प्रकाश



- भाजपा स्थापना दिवस पर नगरी में दिखा राष्ट्रभक्ति का जज्बा

**नगरी।** नगरी में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने अपने निवास स्थान पर पार्टी का ध्वज फहराकर की। इसके पश्चात नगरी भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अन्य संस्थापक नेताओं के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष श्री बैस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है। भाजपा की स्थापना ऐसे समय में हुई थी जब देश विचारों के संघर्ष से गुजर रहा था। उस कालखंड में राष्ट्रवादी सोच को मजबूत आधार देने के लिए एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता थी जो न केवल सत्ता की राजनीति करे, बल्कि सेवा, संगठन और सिद्धांत की राजनीति करे। प्रकाश बैस ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि भाजपा की रीति-नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसे मूल मंत्रों से संचालित होती है। यह पार्टी उस हर अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है जो अब तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पं दीनदयाल, डॉ. मुखर्जी, अटल को किया याद



**मगरलोड।** भाजपा मंडल मेघा द्वारा भाजपा कार्यालय मेघा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। भाजपा मंडल मेघा के पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि जनसंघ के समय जनता पार्टी तथा बाद में 6 अप्रैल 1950 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई की पार्टी में एकता, संगठन और मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका रही है। भाजपा मेघा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता केसरू राम महेन्द्र , मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, जनपद सदस्य नंदिनी रेखराम साहू, मेघा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश साहू, जिला सहसंयोजक धर्मेंद्र साहू ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन मंडल महामंत्री संतोष सोनी तथा आभार प्रदर्शन किशन विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर महेंद्र, कल्याण सिंह राजपूत, संतोष सोनी, धर्मेंद्र साहू, जनपद सदस्य यमुना, केवल साहू, सुरेश साहू, मेघा सरपंच मनीषा गजेंद्र ध्रुव, छत्रपाल, लोकेश्वर, तुलेश्वर निषाद, बेदू साहू, सोहद्रा साहू, संतोष, जागेश्वर, सोमनाथ, डेमू साहू उपस्थित थे।

### महिला समिति ने मनाया राम जन्मोत्सव

**नगरी।** रामनवमी पर्व पर वार्ड क्रमांक 3 रामनगर में राम रामेश्वरम महिला समिति द्वारा भगवान राम का जन्मोत्सव व मनाया गया। भगवान रामचंद्र का अभिषेक कर पूजा-अर्चना के बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। दर्शन के लिए सुबह से लोगों का राम मंदिर में आना शुरू हो गया था। मौके पर राम रामेश्वरम समिति अध्यक्ष हेमलता यादव, उपाध्यक्ष, रेखा यादव, कोषाध्यक्ष लखेश्वरी, प्रिया यादव सचिव, भारती साहू सहसचिव, बसंती ध्रुव, गायत्री साहू, रूपाली सेन, बिंदुलता यादव, वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती सीमा तिवारी, एम नारायण समेत अन्य मौजूद थे।

ग्रामीणों ने पुलिस से उच्चस्तरीय जांच की मांग की

# गोरेगांव के तालाब में मिले नरकंकाल की अब तक नहीं हो सकी शिनाख्त



**9 माह पहले लापता हुई लड़की नहीं मिली**

गोरेगांव गांव में 9 माह पहले एक लड़की लापता हुई थी। घर वालों ने पुलिस थाना नगरी में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं घरवालों का कहना है कि 9 माह में अभी तक पुलिस विभाग द्वारा लड़की के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

**पीएम रिपोर्ट के लिए मेडिकल कालेज भेजा**

थाना प्रभारी नगरी ताम्रकार ने बताया कि कंकाल लड़की का है या लड़का का। उम्र कितनी है। इसकी जानकारी के लिए कंकाल को पीएम रिपोर्ट के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया है साथ ही पुलिस प्रशासन, फॉरेंसिक टीम जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोरेगांव के तालाब में 24 मार्च को नरकंकाल मिलना था। नरकंकाल को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी हत्या की गई है। कंकाल दो लकड़ी के खूंटे पर रखा गया और उसके उपर दो नग सीमेंट के फेंसिंग पोल को रखा गया है। इसके कारण शव पानी के अंदर ही रहा। पानी कम होने के बाद नरकंकाल पर नजर पड़ी तब मामले का खुलासा हुआ है। हत्यारे ने बड़ी चालाकी से हत्या करने के बाद लाश को छिपाने के लिए ऐसा अंजाम दिया गया है। गांव वालों का कहना है कि नरकंकाल को देखने से पता चलता है कि इस घटना को एक से अधिक व्यक्ति ने अंजाम दिया है। इस संबंध में ग्राम व्यवस्था समिति एवं ग्रामीणों की बैठक हुई। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की घटना निंदनीय है। बैठक में निर्णय लिया कि पुलिस विभाग नगरी से उच्च स्तर की जांच कार्यवाही की मांग करेंगे। मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष लेखराम गंगबेर, ग्राम पटेल अध्यक्ष संतराम, युवराज, सरपंच कन्हैया लाल नाग, उपसरपंच जीवन यादव, मायाराम, कन्हैया यादव, संतोष साहू, सुमन, चूमन निषाद , नारदराम साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा, मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

- भाजपा सरकार को राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओमनगर निवासी 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या और प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की घटनाओं तथा पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने व राज्य की लचर कानून-व्यवस्था सहित गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। शाम 4 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि मासूम के साथ हुई घटना बेहद निंदनीय है। महिला सुरक्षा और सम्मान के बड़े बड़े दावे करने वाली सरकार मासूम बेटियों की सुरक्षा भी नहीं कर पा रही है। उन्होंने गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा।

आगे कहा कि भाजपा सरकार राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा उसे राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की कोई चिंता नहीं है। इस दौरान मोहन लालवानी पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, पंकज महावर संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सूर्यप्रभा चेटियार प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस, नरेंद्र सोनवानी अध्यक्ष युवा कांग्रेस, होरीलाल साहू, पार्षद दीपक सोनकर, सुमन मेश्राम, विशु देवांगन, राजेश ठाकुर, सोमेश मेश्राम, आशुतोष खरे, अम्बर चंद्राकर महामंत्री, खिलेन्द्र साहू, उदित साहू, वीरेंद्र पांडे, मोहन देवांगन, अजय सिन्हा, वातंजलि गोस्वामी, डोमेश्वर साहू, अविनाश मरोठे, अजय डहरिया, अनिल कुर्रे, नवीन गर्जेन्द्र, गनेश्वरी कामड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिर्री में श्रमदान कर नाले की सफाई की

**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिर्री के भाठापारा स्थित छोटे नाले की सफाई की गई। यह डंगसागर और बड़े सोनई तालाब को जोड़ता है। गर्मी के मौसम में बड़ी नहर में जब तालाबों को भरने पानी दिया गया तो पहले डंगसागर तालाब में पानी भरने दिया गया। पश्चात बड़े सोनई तालाब में पानी भरने के उद्देश्य से भाठापारा और स्कूलपारा के लोगों ने श्रमदान कर छोटे नाले की सफाई की जिससे सुगमता से साफ पानी तालाब में भर सके। नाले की सफाई के दौरान हृदय देवांगन पंच, सुखराम देवांगन, कामेश बंजारे पंच, सखाराम साहू, नरेश साहू, टापेश्वर देवांगन, होरीलाल, भागवत साहू, मोहन सिन्हा, पूरण साहू, गंगाराम, रोहित साहू, धनेश्वर, मोहन साहू, भारत घृतलहरे, गोविंद साहू एवं अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

# जोरातराई में कलशयात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



- प्रत्येक मनुष्य का जीवन सात दिन का है : कथावाचक सर्वेश्वरानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



अमरज्योति मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग ग्राम जोरातराई में 8 से 12 अप्रैल तक अमृतमयी श्री देवी भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। कथावाचक सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने 8 अप्रैल को कलश यात्रा एवं बैठकी महात्म की कथा से शुभारंभ किया। दोपहर में कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य मार्गों में जगह-जगह स्वागत हुआ। पंडित सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सात दिन की भागवत का महत्व इसलिए ज्यादा है क्योंकि सात दिन की कथा से ही राजा परीक्षित अभय हो गए। प्रत्येक मनुष्य का जीवन सात दिन का है। सप्त ऋषियों ने ही संसार ज्ञान मार्ग से उद्धार किया। प्रत्यक्ष प्रमाणित यह भी है कि गृहस्थ जीवन में मनुष्य सात दिन का समय भी निकालने में असमर्थ है। इन सात दिन के कुछ पल ही भगवान नाम स्मरण में लगा दिए जाए तो सात दिन का जीवन संभल जाएगा। कलश यात्रा में सरपंच पूर्णिमा रामस्वरूप साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पंचायत सेमरा (बी) एवं ग्रामीण विकास समिति के सदस्यों ने जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर नहर एवं खारून नदी में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग की । तालाबों को निस्तारी के लिए पानी भरना अति आवश्यक है। खारून नदी के सूख जाने से पानी का लेवल कम हो गया है।

मांग करने वालों में सरपंच दुर्गा सिन्हा, उप सरपंच दीपक चक्रधारी, सभी पंचगण, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश सिन्हा, ईश्वर साहू, सचिव मोती विश्वकर्मा, पवन ध्रुव, लखन सिन्हा शामिल हैं।

## सुखी रहना है तो धर्म का दामन न छोड़ें : पंडित युवराज

- श्री हनुमंत गुड़ी बनियापारा में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जब-जब धरती पर पाप अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान अवतार लेकर पापियों का उद्धार करते हैं।



भगवान कृष्ण ने न सिर्फ पापियों का उद्धार किया, बल्कि श्रद्धालुओं को जीवन जीने का तरीका भी सिखाया। भगवान कृष्ण का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा, फिर भी उन्होंने लोगों को धर्म, प्रेम, न्याय का रास्ता दिखया। यह बातें पंडित युवराज शिवकुमार वत्स ने कथाव्यास पीठ से कही।

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में श्री हनुमंत गुड़ी बनियापारा में श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन चल रहा है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित युवराज शिवकुमार वत्स ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म कारागार में हुआ। जन्म से ही वे समस्याओं से घिरे रहे। उनके पैदा होने के बाद कंस भगवान श्री कृष्ण को मारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजा। भगवान श्रीकृष्ण उसे मौत के घाट उतार दिया।

श्री कृष्ण को दुग्धापान कराने के कारण पूतना को मोक्ष मिला। तृणवर्त, बकासुर सहित न जाने कितने राक्षसों को कंस ने श्री कृष्ण को मारने के लिए भेजा, सभी का संहार भगवान ने किया। इंद्र के प्रकोप से लोगों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने अपने कनिष्ठ अंगुली में पूरा गोवर्धन पहाड़ उठा लिया। कंस ने तरह-तरह के अत्याचार किए परंतु भगवान अपने बाल रूप में अनेक लीलाएं करते आगे बढ़ते गए।

इन अत्याचारों का दमन करते हुए श्री कृष्ण ने लोगों को प्रेम, धर्म और न्याय का रास्ता दिखाया। हर मानव के जीवन में कष्ट है पर भगवान ने जैसा रास्ता दिखाया है, हमें उसी धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए तथी मानव का जीवन सुखी रहेगा और उद्धार होगा। इससे पहले उन्होंने भगवान कृष्ण और भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई। संगीतमय इस भागवत प्रवचन के दौरान भजनों की धुन पर लोग मंत्रमुग्ध होकर थिरकते नजर आए।

## कांग्रेस की जांच टीम अर्जुनी थाना पहुंची

- पुलिस कस्टडी में युवक की मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पुलिस अभिरक्षा में बीते दिनों हुई युवक की मौत के मामले की जांच कर रही कांग्रेस की गठित जांच टीम ने अर्जुनी थाना पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई।

बीते 31 मार्च को अर्जुनी थाना में राजनांदगांव के ग्राम भंवरमरा निवासी दुर्गेश कठोलिया पिता लक्ष्मण ध्रुव 47 वर्ष की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को लेते हुए व मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जांच समिति गठित की है।

समिति में गुंडरदेही विधायक कुवरसिंह निषाद को संयोजक व संगीता सिन्हा विधायक बालोद, अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, ओंकार साहू विधायक धमतरी व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना को सदस्य बनाया गया है। प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार जांच टीम मंगलवार को मृतक के घर ग्राम भंवरमरा राजनांदगांव जाकर उनके परिजनो से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद जांच टीम मंगलवार की देर शाम राजनांदगांव से सीधे अर्जुनी थाना धमतरी पहुंची। नवपदस्थ टीआई व स्टाफ से चर्चा की। इस दौरान जांच समिति के संयोजक कंवरसिंह निषाद विधायक गुंडरदेही ने मीडिया को बताया कि बहुत बर्बरतापूर्वक कार्रवाई हुई है। पुलिस कस्टडी में दुर्गेश कठोलिया की मौत का मामला आया है। हम लोग उसके घर गए थे। घर में जब बात की और पुलिस थाना में आकर बात की तो दोनों से विसंगतियां आ रही है। दोनों में विरोधाभाष आ रहा है। कहीं न कहीं यहां शासन अपने अधिकारी व कर्मचारियों को बचाने में लगा है। यदि वह दोषी है तो सजा देने का काम न्यायालय करता है, लेकिन उसे दोषमुक्त करार देकर पुलिस कस्टडी में उसके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की गई। पुलिस का कहना है कि दुर्गेश को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने बयान के लिए उसके घर ले गए थे। उसी समय कुछ लोग मोटर सायकल से आते हैं और युवक के साथ मारपीट करते हैं। पुलिस कस्टडी में वह अपराधी हैं और उसके साथ मारपीट होती है। यह कैसा विरोधाभाष है। पुलिस अपने आप को बचाने के लिए एक बढ़िया स्क्रिप्ट रची है। यह बड़ा जघन्य अपराध है। हम इसकी न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं।

## सचिवों ने नगाड़ा बजाकर शासन को जगाने का किया प्रयास

- नगरी ब्लाक के सचिव एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर, पंचायत का कामकाज ठप



**नगरी।** ब्लाक के सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर रावणभाठा मैदान नगरी में 20 दिनों से बैठे हैं। शासन प्रशासन द्वारा हड़ताल पर बैठे सचिवों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंगलवार को धरना स्थल पर नगाड़ा बजाकर शासन प्रशासन तक अपनी आवाज को पहुंचाने और जागने की कोशिश की। सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायत का कामकाज ठप पड़ा हुआ है।शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। पेंशन राशि, आवास योजना एवं राशन कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन काम रूका हुआ है जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई पंचायतों में सरपंच ने चार्ज भी नहीं लिया है। धरने पर सचिव संघ अध्यक्ष अनित ध्रुव, मदन सेन, रेवत साहू, रोहित साहू, पीलाराम ससेन सुखदेव भारती भूपेंद्र कुमार साहू, बुधराम नेताम, भीखराय, कुलदीप, बुधराम, गैंदलाल साहू, देवसिंह सोरी रामप्रसाद सोरी बिरेंद्र कुमार साहू, किसुन भास्कर, उमेंद नेताम, ममता उईके, सोनउ राम नेताम, भवानी प्रताप, बिंदेश्वर यादव, भूपेंद्र देवांगन समेत ब्लाक के सचिव उपस्थित थे।

### पटेल समाज ने की भगवान राम की पूजा-अर्चना

**नगरी।** ग्राम सांकरा में राम नवमी पर्व पर पटेल समाज के सामाजिक भवन में समाज प्रमुखों व सामाजिक बंधुओं ने श्रीराम के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की व सभी लोगों की खुशहाली की कामना की।




**सूचना**

मैं लव कुमार सिंह, पिता श्री माधव सिंह निवासी सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम नारी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 3449 (भाग) रकबा 4.99 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ से File No.: OL/EC/SAND/DHAMTARI/3459 दिनांक 04/04/2025 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**लव कुमार सिंह**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

मैं कन्हैया दर्शन, पिता श्री नवल किशोर दर्शन निवासी सरस्वती शिशु मंदिर जोरापारा, अशोक नगर, सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम परखंदा, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 2290 (भाग) रकबा 4.99 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ से File No.: OL/EC/SAND/DHAMTARI/2973 दिनांक 24/10/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**कन्हैया दर्शन**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

### जोरातराई में आज विदाई एवं सम्मान समारोह

**कुरुद।** आज सुबह 9 बजे से शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सि.) में विदाई एवं सम्मान समारोह रखा गया है। शासकीय सेवा में 41 वर्ष 2 माह 4 दिन पूर्ण कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए ओमप्रकाश साहू व्याख्याता को विदाई दी जायेगी। इस संस्था को गौरवान्वित करने वाले छात्र मोहित कुमार साहू एवं भगवानी राम साहू का अग्निवीर में चयन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू व्याख्याता सेनानिवृत्त होंगे। अध्यक्षता दयालूराम साहू प्राचार्य करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी होंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गितेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती प्रीति साहू सरपंच, श्रीमती सविता गंजीर पूर्व सरपंच, दानीराम साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, भानुराम साहू पालक एवं यशवंत गंजीर पत्रकार होंगे। कार्यक्रम शासकीय हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर छाती में चिकित्सा शिविर एवं पंडवानी

**पुरी।** मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति छाती और श्री राम जानकी



मंदिर समिति छाती के संयुक्त तत्वावधान में 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे दोपहर 2 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्रामीण साहू समाज भवन छाती में आयोजित किया जा है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित धमतरी जिले के विभिन्न अस्पतालों के डाक्टर पहुंचेंगे। शाम 4 से 7 बजे तक श्री राधे कृष्णा मानस परिवार ग्राम छाती द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा, हनुमान आरती, राम आरती के साथ आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता एवं महाप्रसाद का वितरण होगा। रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक कुमारी दुर्गा साहू ग्राम निनवा विकासखंड तिल्दा नेवरा जिला जिला रायपुर की पंडवानी होगी। शाम 7 बजे अतिथि 1111 दीपों से महाआरती करेंगे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू होंगी। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव करेंगी। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नम्रता पालनहार होंगी। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति छाती ने दी।

### रामनवमी पर फल का किया वितरण

**धमतरी।** आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा रामनवमी पर फल का वितरण किया गया। संस्था की वरिष्ठ सुमिता पंजवानी ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए तरबूज ककड़ी, अंगूर आदि का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में प्रीति पमपमवार, विशाल पमपमवार, कीर्ति फुटान, सुलेखा, वर्तिका, विहान, विराज, लक्ष्मीनारायण महावर, ललिता ठाकुर, नीलमणि साहू, रामानुज, कंचन, भोजराज सिंह, निर्मलकर, राजा वाधवानी, दिगेश्वर साहू, मुकेश साहू, देव थवाइत, निकिता श्रीवास्तव, डॉ. जीवी श्रीवास्तव, लेखराम, कोमल प्रसाद ,पीएन साहू, रमाकान्त सरोज का सहयोग रहा।

रेलवे विभाग ने अतिक्रमण हटाने दिया अंतिम नोटिस

# स्टेशनपारावासी छत मांगने निगम कार्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेलवे विभाग ने स्टेशनपारा के निवासियों को अतिक्रमण हटाने अंतिम नोटिस दिया है। दो दिन का समय मिलने से दर्जनभर परिवार दहशत में हैं। सिर पर छत नहीं होने से परेशान लोगों को जिंदगी तबाह नजर आ रही है। शहर में कोई किराया से मकान देने को तैयार नहीं है। अस्थायी आशियाना के लिए कोई सरकारी भवन भी नहीं है जहां कुछ दिन ठहर सके। नया मकान बनाने खरीदने सक्षम नहीं है। रोज कमाना और रोज खाना उनकी जिंदगी है। रेलवे के इस अल्टीमेटम से घबराए परिवार छत मांगने मंगलवार को निगम दफ्तर पहुंचे, जहां आयुक्त प्रिया गोयल



को अपना दुखड़ा सुनाया। आयुक्त ने व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है। वार्डवासी कलीबाई, जमीला बेगम, शिवकुमारी, कालीबाई, आकाश गंगवीर, मेनकाबाई, सीमा गंगवीर, किरण महार, प्रमिला ध्रुव, बुधियारिनबाई, सेवकराम ने बताया कि वे रेलवे स्टेशन के आसपास बसे हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया है। 10 अप्रैल का समय कम है। रेलवे के अधिकारियों ने उनसे कहा है कि जिस जगह पर अतिक्रमण है वहां बड़ी रेललाइन और अन्य कार्य प्रगति पर है। 10 अप्रैल तक नहीं हटाने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

इस संबंध में वार्ड पार्षद छोटू वर्मा का कहना है कि वार्ड की समस्या से महापौर और आयुक्त को अवगत करा चुके हैं, शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि परिवारों को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। किसी को भी बेघर नहीं किया जाएगा। इसके लिए बहुमंजिला आवास में सर्वे कराया जाएगा।

इधर रेलवे के अधिकारी अतिक्रमण हटाने से पहले नोटिस जारी किया है। 10 अप्रैल को अतिक्रमण हटाया जायेगा। अधिकारियों ने कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस बल की मांग की है, ताकि अतिक्रमण हटाने के दौरान कोई बाधा न आए।

# नशामुक्त भारत बनाने साइकिल यात्रा पर निकले तुलसीराम

- नशे की गिरफ्त में आए छोटे भाई के मेंटल पेशेंट बनने की घटना ने झकझोरा
- नशे से दूर रहने युवाओं को करेंगे प्रेरित, व्यास में समाप्त होगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद के चर्रा निवासी 34 वर्षीय तुलसीराम साहू देश को नशामुक्त बनाने साइकहल यात्रा पर निकले हैं। यात्रा में लोगों को नशे से दूर रहने और उसके दुष्परिणाम बता रहे हैं। तुलसीराम ने यह यात्रा अपने भाई के मेंटल पेशेंट बनने पर शुरू की है। उनका भाई तुलाराम साहू नशे की गिरफ्त में आकर अपना दिमागी संतुलन खो बैठा है जिनका इलाज डॉक्टरों के पास चल रहा है। लंबे समय बाद भी उनका छोटा भाई स्वस्थ नहीं हो पाया है। भाई के मेंटल हो जाने से उनका परिवार बिखर गया। परिवार की इस दशा ने उन्हें झकझोर कर रख



दिया युवाओं को नशे से दूर रहने संदेश देने साइकिल से भारत यात्रा पर निकले हैं। नवरात्रि के बाद शुरू हुई यह यात्रा 30 दिन बाद व्यास में जाकर समाप्त होगी। इस बीच 1700 किमी का सफर वे साइकल से पूरी करेंगे। अपने साथ वे दिनचर्या के कुछ सामान, रूपये, कपड़े, खाना बनाने के बर्तन, साइकिल रिपेयरिंग के सामान रखे हुए हैं। बाकी जरूरत वे जनसहयोग से पूरा करेंगे। तुलसी राम बताते हैं कि रास्ते में जहां मौका मिले नशामुक्ति का संदेश व उसके दुष्परिणाम लोगों को बताते हैं। उनके घर में घटित घटनाओं को लोगों को बताते हैं। तुलसीराम अपने गांव चर्रा से निकलकर धमतरी पहुंचे। इसके बाद वे बालोद, दल्ली, लोहारा, राजनांदगांव, रायपुर, भोपाल तक जाएंगे। वहां से रूट बदलकर सीधे पंजाब स्थित राधास्वामी सत्संग व्यास डेरा जाएंगे जहां बाबा का आशीर्वाद लेकर यात्रा का समापन करेंगे। रास्ते में नशामुक्ति संदेश की कापी लोगों को दे रहे हैं। चौथी तक पढ़े तुलसीराम का कहना है कि नशे से हर वर्ग परेशान है। खासकर युवा वर्ग बहककर अपनी मंजिल खो रहे हैं। यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। भारत भ्रमण कर नशे से दूर रहने देशवासियों को संदेश देंगे।

साइकिल यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर नशामुक्त समाज बनाने का आग्रह करेंगे। वे नशे के खिलाफ जीवन भर लड़ाई लड़ेंगे। तुलसी राम के साथ मां, बहन और छोटा भाई रहता है। उनके पिता का निधन हो गया है। तुलसीराम के बताया कि आगामी वर्ष 2026 में इसी मिशन को लेकर वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल तक यात्रा करेंगे। 2020 में वे नारी सुरक्षा को लेकर दिल्ली लालकिला तक साइकिल यात्रा कर चुके हैं।

## नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस एंड फ्लोरन्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम (हेल्थ बिगनिंग होपफुल फ्यूचर) के अनुसार महाविद्यालय के छात्रों को इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा वेबिनार अटेंड कराया गया एवं जिला अस्पताल के प्रांगण में रंगोली, पोस्टर, नुक्कड़ से लोगों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया।

## कलेक्टर ने आमदी में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के काम की धीमी गति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने परसतराई ग्राम पंचायत और आमदी नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव की मौजूदगी में आमदी में बन रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम तेजी से कराने के निर्देश नगर पंचायत के सीएमओ को दिए। कलेक्टर ने इस प्लांट के काम की धीमी गति पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने इसके साथ ही बन रहे ओव्हर हेड वॉटर टैंक का काम भी तेजी से कराने के निर्देश दिए। आमदी में अमृत मिशन के तहत लगभग 33 करोड़ रूपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओव्हर हेड टैंक और पाईप लाइन विस्तार का काम कराया जा रहा है।

इस योजना के पूरा हो जाने पर रूद्री बांध से पानी लेकर आमदी नगर पंचायत क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसके बाद कलेक्टर ग्राम परसतराई पहुंचे। नवनियुक्त सरपंच और पूर्व सरपंच की मौजूदगी में परसतराई के निवासियों से कलेक्टर ने जल संरक्षण-फसल चक्र परिवर्तन अभियान की सफलता का अनुभव जाना। उन्होंने ग्राम पंचायत में बने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपीट आदि का भी अवलोकन किया। परसतराई के पूर्व सरपंच परमानंद आडिल ने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व हमारे गांव में धीरे-धीरे कुएं, नलकूप, जलस्त्रोत सूखने लगे थे, जिससे खेती किसानी सहित पानी की दिक्कत होने लगी। इन परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वप्रेरणा से जल और पर्यावरण संरक्षित करने के साथ ही फसल चक्र परिवर्तन का फैसला लिया और सभी एकमत होकर कम पानी वाले फसलों को लेने लगे। श्री आडिल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव के पुराने पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधा गया है और गांव की बालिकाओं के नाम पर लगभग ढाई सौ पौधे भी लगाए गए हैं।

## सिल्वर जोन ओलंपियाड प्रतियोगिता में मेनोनाईट स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

2 दिसंबर 2024 को आयोजित राज्यस्तरीय सिल्वर जोन ओलंपियाड प्रतियोगिता में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप के अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान रुपाली देवांगन (11वीं) एवं द्वितीय स्थान रचित पचौरी (11वीं) ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में विज्ञान विषय की रश्मि गंजीर (11वीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में कक्षा 8 वीं के छात्र जगवीर सिंह मुंडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महापौर, आयुक्त ने हटकेशर में नागदेव मंदिर का किया निरीक्षण



जनसहयोग से बन रहा ऐतिहासिक धरोहर, लोगों में काफी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम महापौर रामू रोहरा एवं आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने मंगलवार को हटकेशर स्थित नाग देव मंदिर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायज़ा लिया। जनसहयोग से बन रहे इस मंदिर को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखा गया। मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए महापौर ने इसे नगर की गौरवशाली धरोहर बताया। निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त स्थानीय नागरिकों से भी रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनीं। सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर व आयुक्त ने स्वामी विवेकानंद वार्ड स्थित कॉलोनी के गार्डन का भी दौरा किया, जहां बारिश के पानी के कारण जलभराव की समस्या सामने आई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बगल के कुएं तक पाइपलाइन की व्यवस्था की जाए जिससे कॉलोनी का पानी सीधा कुएं में चला जाए जिसे जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही गार्डन को सुंदर और सुविधाजनक बनाने हेतु विस्तृत इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर भी मौजूद रहीं और उन्होंने कॉलोनीवासियों की ओर से समस्याओं को सामने रखा।

सुबह-सुबह शहर का भ्रमण कर रहे महापौर रामू रोहरा की यह पहल जनता के बीच सराही जा रही है। वे स्वयं लोगों से मिलकर उनकी परेशानियों को समझते हैं और त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित कर रहे हैं। उनके इस सक्रिय और जनसरोकार वाले रवैये की हर ओर तारीफ हो रही है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता गांवों में पीएम मोदी के 11 वर्षों की विकसित भारत पर करेंगे चर्चा

- सक्रिय सदस्य सम्मलेन के लिए अलग-अलग मंडलों में वरिष्ठ नेता वक्ता के रूप में जायेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




भाजपा कार्यकर्ताओं ने 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर अपनी पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस के दिन से पखवाड़े भर के अपने संगठनात्मक कार्यक्रम की शुरुआत की। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि पार्टी ने अपनी संगठनात्मक उपलब्धियों के साथ भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास जिला स्तर पर प्रदर्शनी लगाकर किया। 8 और 9 अप्रैल को जिले के सभी 13 मंडलों के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन मंडल अथवा विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। उसके बाद 10 से 12 अप्रैल तक पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव अथवा बस्तियों में जाकर दिनभर का समय स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ बिताएंगे। पखवाड़े भर के कार्यक्रम के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने बताया कि सक्रिय सदस्य सम्मलेन के लिए अलग अलग मंडलों में वरिष्ठ नेतागण वक्ता के रूप में जायेंगे। प्रमुख रूप से भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विचार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन, प्रधानमंत्री के रूप नरेन्द्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों की विकसित भारत की यात्रा इत्यादि विषयों पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर, रामू रोहरा, निरंजन सिन्हा, प्रकाश बैस, नेहरू निषाद, शशि पवार, इंदर चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, कविंद्र जैन, नरेश सिन्हा, श्रीमती श्यामा साहू, अविनाश दुबे, चेतन हिंदूजा, अर्चना चौबे, भानु चंद्राकर, कमल डागा, नागेंद्र शुक्ला, विकल गुप्ता, राजेंद्र गोलछा, अरुण सार्वा, महेन्द्र पंडित, बीथिका विश्वास, रवि दुबे, हेमलता शर्मा, विजय साहू, अकबर कश्यप, हेमंत चंद्राकर, टिलेश्वर ठाकुर, मोहन नाहटा, श्रीमती कौशल्या देवांगन, श्रीमती ज्योति साहू, केशव सिन्हा, बलजीत छाबड़ा, टीकाराम कंवर, अंगिरा ध्रुव, अजय ध्रुव, महेश गोटा वक्ता के रूप में अलग मंडलों में जायेंगे।

## पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं, आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कन्या महाविद्यालय में लगा करियर गाइडेंस तथा प्लेसमेंट कैंप

शासकीय नारायण राव मेघवाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया के निर्देशन में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक हुकेश कुमार एवं दानेश्वर साहू के सहयोग से तथा करियर गाइडेंस तथा प्लेसमेंट समिति प्रभारी रामचंद सोनी द्वारा एक दिवसीय करियर गाइडेंस तथा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में एनआईआईटी (राष्ट्रीय सूचना एवं प्रोद्योगिकी संस्थान) श्याम प्लाजा पंडरी रायपुर छत्तीसगढ़ भर्ती प्रमुख चिंतामणि यादव तथा उनके सहयोगी विजय अग्रवाल ने छात्राओं को देश के प्रमुख प्राइवेट बैंक में विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। आगे कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा कि अपने जीवन में आप क्या बनना चाहते हैं और उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सही दिशा में कदम बढ़ाएं, तभी आप सफल हो सकते हैं।

## निगम से 55 प्लेसमेंट कर्मियों को हटाने का टारगेट, 19 निकाले गए

- अधिकारियों के मुताबिक निकाले गए कर्मी अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम धमतरी में वर्षों से पलेसमेंट के माध्यम से लगे 19 कर्मियों को हटा दिया गया है। 36 प्लेसमेंट कर्मचारी को और चिन्हित किया गया है जिसके लिए बहुत जल्द फरमान जारी हो सकता है।

प्लेसमेंट कर्मियों की कमी से सफाई, पेयजल, बिजली, कम्प्यूटर, वाहन चलाने जैसे अन्य कार्यों में बाधा आ सकती है। धमतरी नगर निगम में 199 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं। इनमें से 20 से अधिक ऐसे हैं जो 10 साल से अधिक पुराने हैं। भाजपा सत्ता में आने के बाद यह पहली मर्तबा है कि 7 मार्च को आदेश जारी कर 19 प्लेसमेंट कर्मचारी को हटा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक 55 प्लेसमेंट कर्मचारियों को हटाने की तैयारी की गई थी जिसमें पहली सूची में 19 लोगों का नाम शामिल है। काम से हटने के बाद महापौर, आयुक्त का दरवाजा खटखटाने के बाद किसी प्रकार का कोई रिपॉन्स नहीं मिलने पर हटाए गए कर्मी अन्य नेताओं और पार्षदों के पास जाकर दुखड़ा सुना रहे हैं। क्योंकि वे लंबे समय से नगर निगम में ही काम कर चुके हैं अब इस उम्र में उन्हें कहां नौकरी मिलेगी। निगम अधिकारियों का मानना है कि निकाले गए कर्मी अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं थे जिसके कारण उन्हें काम से हटाया गया है। अब शेष 36 कर्मियों को कभी हटाने का फरमान जारी हो सकता है। यह भी चर्चा हो रही है कि प्लेसमेंट कर्मियों की छंटनी के बाद कुछ जनप्रतिनिधि अपने चेहतों और समर्थकों को काम पर रखने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं। इधर प्लेसमेंट कर्मियों की छटनी के बाद से निगम में हड़कंप मचा हुआ है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

गायत्री परिवार मुजगहन ने चैत्र नवरात्रि पर नौ दिवसीय अनुष्ठान किया

# 27000 मंत्र जाप करने वाले 20 साधकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धुनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में गायत्री परिवार मुजगहन द्वारा चैत्र नवरात्रि पर नौ दिवसीय अनुष्ठान का पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ द्वारा पूर्णाहुति कर लोगों की सुख समृद्धि की कामना की गई।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा सामूहिक मंत्र जाप, नौ दिवसीय अनुष्ठान, ध्यान साधना के साथ आरती, चालीसा, जसगीत का आयोजन किया गया। रामनवमी के दिन पूर्णाहुति पर 27000 मंत्र जाप करने वाले 20 साधकों को श्रीफल भेंट कर



सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जीपी अखिलेश सेवा निवृत्त अधिकारी विद्युत मंडल एवं श्रीमती शांता सोनी का गायत्री मंत्र शाल, श्रीफल और साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। श्रीमती धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य, सरपंच होमेश्वर साहू, श्रीमती गौरी बाई साहू, अंश सिन्हा, सानिध्य सिन्हा का भी सम्मानहुआ। यज्ञ का संचालन डॉ पूनम साहू, धर्मेन्द्र साहू, शेषनारायण साहू एवं ओम प्रकाश नाग ने किया। कार्यक्रम में प्रज्ञा पीठ मुजगहन के संरक्षक धन्वंतरि नाग, अध्यक्ष भागवत सिन्हा, जनक नेताम, हरिशंकर ध्रुव, पुनवाराम साहू, लालाराम साहू, ईश्वर सेन, गोविंद सिन्हा, संतराम साहू, अंगेश साहू, बिशेलाल साहू, मुकेश साहू, डामिन नाग, सरस्वती नाग, डिलेश्वरी सिन्हा, चित्रलेखा सिन्हा, टिकेश्वरी साहू, यमूना साहू, चित्र रेखा साहू, रजन गंगवंशी, लीना मण्डावी, सुनीता नाग, पूजा नाग, डॉ दिनेश नाग, निधि नाग, राधिका साहू, गायत्री नेताम, मनीषा सेन सहित बहुत बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साईटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली।
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020